दिनांक 25-07-2023 को नव प्रवेशित स्नातक गणित वर्ग के छात्र-छात्राओं के ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया |

डिग्री शिक्षा के विद्यारंभ संस्कार के समान है छात्र ओरियंटेशन कार्यक्रम- डॉ0 राजेश

चेतना कार्यालय

बकेवर, 25 जुलाई। जनता कॉलेज बकेवर में नव प्रवेशित स्नातक विज्ञान संकाय के गणित विषय के छात्रों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा प्राची व श्रुति द्वारा इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना के साथ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ० राजेश किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय के छः दशक से अधिक प्राचीन गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनता कॉलेज बकेवर शैक्षिक मूल्यों के समर्पित निर्वाहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है,उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में सकारात्मक रहकर अनुशासन के साथ छात्रों को शिक्षण में संलग्न रहना चाहिए, अच्छी संगति छात्रों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करती है, डॉ . त्रिपाठी ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम को डिग्री शिक्षा का विद्यारंभ संस्कार बताया। विज्ञान संकाय की डीन डॉ० नलिनी शुक्ला ने छात्रों को नई शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम चयन के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराते हुए कहा कि छात्र गंभीरता के साथ रचनात्मक उपलब्धियां अर्जित करें, उन्होंने नई शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को शत-प्रतिशत लागू कराकर अध्यापन कराया जाना जनता कॉलेज बकेवर का संकल्प बताया। मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय ने महाविद्यालय की अक्षुण्ण अनुशासन व्यवस्था में छात्रों की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को पुस्तकालय से अधिक जुड़ना चाहिए ना कि मोबाइल से उन्होंने कहा कि डिग्री शिक्षा के दौरान स्व-अनुशासन ही छात्रों की सफलता की कुंजी है। प्राध्यापक एवं एनएसएस प्रभारी डॉ0 मनोज यादव, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, आंतरिक शिकायत समिति व क्रीड़ा समिति प्रभारी डॉ0 ज्योति

भदौरिया,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 दिव्य ज्योति मिश्र, छात्रावास वार्डन डॉ प्रकाश दुबे ,पुस्तकालय अधीक्षक रामदास वर्मा आदि ने छात्रों के समक्ष विषय अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी एवं छात्रों की सहायता से संबंधित विचार रखे। अनुशासन हेतु जागरूकता, महाविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण तथा संस्कारवाही वातावरण सृजित रखने हेतु छात्रों को शपथ डॉ इंदु बाला मिश्रा गणित विभाग द्वारा दिलाई गई (कार्यक्रम का सफल संचालन अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा किया गया। समापन राष्ट्रगान के साथ कराकर नव प्रवेशित छात्रों को पुस्तकालय का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम में डॉ० पीके राजपूत, डॉ०नवीन अवस्थी, डॉ० सत्यार्थ प्रकाश मौर्या आदि रहे।

डिग्री शिक्षा के विद्यारंभ संस्कार के समान है छात्र ओरियंटेशन कार्यक्रम : डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी।

बकेवर (इटावा) 25 जुलाई। जनता कॉलेज बकेवर में नव-प्रवेशित स्नातक विज्ञान संकाय के गणित विषय के छात्रों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रा प्राची व श्रुति द्वारा इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना के साथ किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी ने महाविद्यालय के छह दशक से अधिक प्राचीन गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनता कॉलेज बकेवर शैक्षिक मूल्यों के समर्पित निर्वाहन के लिए सदैव प्रतिबद्ध है,उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में सकारात्मक रहकर अनुशासन के साथ छात्रों को शिक्षण में संलग्न रहना चाहिए, अच्छी संगति छात्रों के उज्जवल भविष्य का निर्माण करती है, डॉ. त्रिपाठी ने ओरिएंटेशन कार्यक्रम को डिग्री शिक्षा का विद्यारंभ संस्कार बताया। विज्ञान संकाय की डीन डॉ नलिनी शुक्ला ने छात्रों को नई शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम चयन के महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराते हुए कहा कि छात्र गंभीरता के साथ रचनात्मक उपलब्धियां अर्जित करें, उन्होंने नई शिक्षा नीति द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को शत-प्रतिशत लागू कराकर अध्यापन कराया जाना जनता कॉलेज बकेवर का संकल्प बतायाद्य मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ अशोक कुमार पांडेय ने महाविद्यालय की अक्षुण्ण अनुशासन व्यवस्था में छात्रों की प्रासंगिकता पर बल देते हुए कहा कि छात्रों को पुस्तकालय से अधिक जुड़ना चाहिए ना कि मोबाइल से। उन्होंने कहा कि डिग्री शिक्षा के दौरान स्व-अनुशासन ही छात्रों की सफ्लता की कुंजी है।प्राध्यापक एवं एनएसएस प्रभारी डॉ. मनोज यादव, एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, आंतरिक शिकायत समिति व क्रीड़ा समिति प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ. दिव्य ज्योति मिश्र, छात्रावास वार्डन डॉ प्रकाश दुबे, पुस्तकालय अधीक्षक रामदास वर्मा आदि ने छात्रों के समक्ष विषय अंतर्गत महत्वपूर्ण जानकारी एवं छात्रों की सहायता से संबंधित विचार रखे। अनुशासन हेतु जागरूकता, महाविद्यालय में ऊर्जा संरक्षण तथा संस्कारवाही वातावरण सृजित रखने हेतु छात्रों को शपथ डॉ इंदु बाला मिश्रा गणित विभाग द्वारा दिलाई गई। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन अश्वनी कुमार मिश्र द्वारा किया गया, समापन राष्ट्रगान के साथ कराकर नव प्रवेशित छात्रों को पुस्तकालय का भ्रमण कराया गयाद्य कार्यक्रम में डॉ. पीके राजपूत, डॉ. नवीन अवस्थी, डॉ सत्यार्थ प्रकाश मौर्या आदि की उपस्थिति एवं सहयोग रहा।